# आकाशवाणी मध्यप्रदेश

## प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 02 .07.2026 समय : 02.10PM

### जापान की पीएम- राष्ट्रपति भवन

जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची का आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने जापानी प्रधानमंत्री से अपने कैबिनेट सहयोगियों का परिचय कराया। दोनों नेता 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के तहत आपसी सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वे ताकाइची की पहली भारत यात्रा पर उनका स्वागत करके अत्यंत प्रसन्न हैं।

### वीबी जी-राम जी

प्रदेश में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन यानी वीबी जी-राम जी का आज प्रदेशव्यापी शुभारंभ हुआ। सभी जिलों में जन सम्मेलन-सह-लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हो रहा है। कार्यक्रमों में नागरिकों को 125 दिवस रोजगार गारंटी, पारदर्शी भुगतान प्रणाली और विकेन्द्रीकृत ग्राम स्तरीय योजना निर्माण की जानकारी दी जा रही है।

### दतिया उपचुनाव

चुनाव आयोग ने दतिया विधानसभा उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 13 जुलाई और मतदान 30 जुलाई को होगा, जबकि 3 अगस्त को मतगणना होगी। दतिया विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। यह उपचुनाव कांग्रेस विधायक राजेन्द्र भारती को सजा मिलने के बाद उनकी सदस्यता समाप्त होने की वजह से हो रहा है।

## त्रिपरा के सीएम- भोपाल

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा का उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भोपाल स्थित निवास कार्यालय में अभिनंदन किया। दोनों नेताओं के बीच स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों को लेकर चर्चा हुई। डॉ. साहा भोपाल में आयोजित 28वें एओएमएसआई मिड-टर्म कन्वेंशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह राष्ट्रीय सम्मेलन 2 से 4 जुलाई तक पीपुल्स यूनिवर्सिटी परिसर में "क्रिएटिंग अ होलसम सर्जन" थीम पर आयोजित किया जा रहा है।

## ईपीएफ योजना

केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि योजना 2026 लागू कर दी है, जिसके तहत 29 जून से आंशिक धन निकासी के नियमों में बदलाव किया गया है। नए नियमों के अनुसार सदस्यों को खाते में कम से कम 25 प्रतिशत राशि सुरक्षित रखनी होगी। अब घर खरीदने, निर्माण, मरम्मत के साथ बीमारी, पढ़ाई और विवाह जैसे खर्चों के लिए भी धन निकाला जा सकेगा। ईपीएफओ जल्द ही यूपीआई और व्हाट्सऐप के माध्यम से भी सेवाएं शुरू करने जा रहा है।

## एक पेड़ माँ के नाम

"एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत इस वर्ष इंदौर जिले में 21 लाख पौधे लगाए जाएंगे। यह जानकारी नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में दी गई। पौधरोपण आज से शुरू हो गया है और बीएसएफ परिसर में सर्वाधिक पौधे लगाए जाएंगे। श्री विजयवर्गीय ने कहा कि यह अभियान केवल पौधारोपण नहीं बल्कि प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है।

## स्कूल शिक्षा रेटिंग

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा घोषित स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 में प्रदेश के 10 विद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुए हैं। शहरी वर्ग में रतलाम के सांदीपनि विद्यालय जावरा ने प्रथम और भोपाल के कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रदेश की 78 हजार से अधिक शालाओं ने इस रेटिंग में

सहभागिता की थी। सभी चयनित विद्यालयों को भारत सरकार द्वारा एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

## ग्रैंड चेस टूर

ग्रैंड चेस टूर 2026 के तीसरे इवेंट में भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रग्गनानंदा ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले दिन संयुक्त दूसरे स्थान पर जगह बनाई। विश्व चैंपियन डी. गुकेश एक हार और एक जीत के बाद छठे स्थान पर रहे। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा 5 अंकों के साथ अकेले शीर्ष पर हैं। टूर्नामेंट में अब सुपर रैपिड के छह राउंड और खेले जाने बाकी हैं।

## मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश में मानसून लगातार आगे बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने आज के लिए हरदा, नर्मदापुरम, रायसेन, छिंदवाड़ा सहित कई जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं इंदौर में कल तेज बारिश से सड़कें जलमग्न हो गईं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अब तक सामान्य से करीब 28 प्रतिशत कम बारिश हुई है, लेकिन जुलाई में अच्छी बारिश की उम्मीद जताई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

- एम्स भोपाल अध्यक्ष प्रोफेसर अशोक कुमार महापात्र ने 'सुश्रुत कॉमन एंडोट्रेनर फैसिलिटी' का उद्घाटन किया. यह सुविधा लेप्रोस्कोपी, एंडोस्कोपी और जटिल सर्जरी का सुरक्षित और व्यावहारिक प्रशिक्षण देगी।
- निवाड़ी में 'महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल' परियोजना के तहत 'यूएन विमेन इंडिया' की कंट्री रिप्रेजेंटेटिव शोको इशिकावा ने परियोजना से जुड़ी प्रशिक्षित बालिकाओं से संवाद कर उनके अनुभवों को जाना।
- डिंडोरी में 'डेंगू निरोधक माह' के अवसर पर डेंगू से बचाव और जन-जागरूकता फैलाने के लिए 'डेंगू रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।
- गुना के क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय में नए छात्र-छात्राओं के स्वागत और मार्गदर्शन के लिए 'दीक्षारंभ समारोह' का आयोजन किया गया।

------------------------------